भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2212
गुरूवार, 7 अगस्त, 2025/16 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

'देखो अपना देश' अभियान

2212 श्रीमती रेखा शर्माः
श्री तेजवीर सिंहः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'देखो अपना देश' पहल के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा किन डिजिटल प्लेटफॉर्मों का शुभारंभ या उनका उन्नयन किया गया है;

(ख) आभासी पर्यटन अनुभव, गंतव्य खोजे जाने की संभाव्यता और नागरिक सहभागिता बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) उपयोगकर्ता आधार, पर्यटकों की संख्या और क्षेत्रीय प्रचार को लेकर दायरे का कितना विस्तार हुआ है; और

(घ) क्या पर्यटन के माध्यम से स्थानीय समुदायों, महिलाओं और जनजातीय समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कोई योजना कार्यान्वित की जा रही है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और विविध आकर्षणों को जानने में रुचि रखने वाले यात्रियों और हितधारकों के लिए एक व्यापक संसाधन के रूप में अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म (आईआईडीपी) का नया संस्करण लॉन्च किया है। यह प्लेटफ़ॉर्म आगंतुकों को सांस्कृतिक, विरासत, साहसिक, पाक-कला, स्वास्थ्य, कला एवं शिल्प, ग्रामीण आदि सहित देश के पर्यटन आकर्षणों का एक आभासी अनुभव प्रदान करता है। आईआईडीपी एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-संचालित उपकरण का उपयोग करता है, जो वास्तविक समय के मौसम की जानकारी, शहर की जानकारी और आवश्यक यात्रा सेवाएँ प्रदान करके आगंतुकों के अनुभवों को वैयक्तिक रूप प्रदान करता है।

(ग): इसकी शुरुआत के बाद से, आईआईडीपी में जुलाई 2025 तक लगभग 26 लाख पर्यटकों की विज़िट देखी गई है। इसके अतिरिक्त, देश में वर्ष 2024 में 294.76 करोड़ घरेलू पर्यटकों ने यात्रा की, जो वर्ष 2023 की तुलना में 17.36% की वृद्धि दर्शाता है।

(घ): मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना, 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजना और 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' योजना के तहत स्थानीय समुदायों, महिलाओं और युवाओं के बीच स्थायी पर्यटन के विकास एवं क्षमता निर्माण पर फोकस करता है और साथ ही स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय अपनी सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) नामक योजना के तहत, स्थानीय समुदायों, महिलाओं और जनजातीय समूहों पर बल देते हुए, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में आम जनता के कौशल और रोज़गार क्षमता को बढ़ाने पर फोकस करता है। इस योजना के तहत, मंत्रालय ने पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी नामक पहल शुरू की है, जो स्थानीय समुदायों और महिलाओं को पर्यटन संबंधी भूमिकाओं में सशक्त बनाती है।

******